भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3379**

(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

**राजस्व व्यय**

**3379. श्री राव राजेन्द्र सिंह:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास भारत की समेकित निधि से कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में कुल राजस्व व्यय और इसके विभिन्न योगदायी कारकों के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या देश में राजस्व व्यय में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इसे कम करने के लिए क्या विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

**(क)** जी हां। सरकार के पास कुल राजस्व व्यय से संबंधित आंकड़े मौजूद हैं। अपेक्षित विवरण निम्नानुसार हैं:

**(करोड़ रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **विवरण** | **वित्त वर्ष 2020-21** | **वित्त वर्ष 2021-22** | **वित्त वर्ष 2022-23** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य सेवाएं | 12,28,160 | 14,29,783 | 16,15,729 |
| 2. | सामाजिक सेवाएं | 1,60,539 | 2,54,697 | 1,99,992 |
| 3. | आर्थिक सेवाएं | 10,98,109 | 8,79,389 | 9,66,073 |
| 4. | सहायता-अनुदान एवं अंशदान | 5,96,711 | 6,37,058 | 6,71,338 |
| 5. | राजस्व व्यय (1 से 4) | 30,83,519 | 32,00,926 | 34,53,132 |
| 6. | कुल व्यय | 35,09,836 | 37,93,801 | 41,93,157 |
| 7. | कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में राजस्व व्यय | 87.9% | 84.4% | 82.4% |

टिप्पणीः संख्या पूर्णांकित की गई है।

(ख) जी नहीं। कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में राजस्व व्यय में वित्त वर्ष 2020-21 से गिरावट का रूझान रहा है (उपर्युक्त तालिका का क्र.सं.7)।

****